संoसंo–17 / एफ01–01 / 2019 – 688(17)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

कौशल किशोर,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

अध्यक्ष,
राईट पाथ फाउन्डेशन ट्रस्ट,
पत्राचार का पता–102, द्रौपदी कुंज अपार्टमेन्ट,
न्यू पाटलीपुत्रा कॉलोनी, पटना–800013

पटना, दिनांक :– 25/8/2020

विषय :– गौतम इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी, सैयद बहरी, हिलसा (नालन्दा) को डी0 फार्मा0 एवं बी0 फार्मा0 कोर्स संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अध्यक्ष, Right Path Foundation, New Patliputra Colony, Patna-13 के पत्रांक–RPF/2019/15 दिनांक–28.01.2019 द्वारा गौतम इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी, सैयद बहरी, हिलसा (नालन्दा) में डी0 फार्मा0 एवं बी0 फार्मा0 कोर्स संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

इस परिप्रेक्ष्य में संस्थान के स्थल निरीक्षण हेतु विभागीय आदेश सं0–519(17) दिनांक–08.07.2019 द्वारा पाँच सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया था।

जाँच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर बिहार चिकित्सा शिक्षा संस्था (विनियमन और नियंत्रण) (संशोधन) विधेयक, 1993 द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा निहित प्रावधानों के अधीन Right Path Foundation, New Patliputra Colony, Patna-13 द्वारा संचालित गौतम इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी, सैयद बहरी, हिलसा (नालन्दा) को AICTE (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्) तथा फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया (PCI) के विनियमों / मानकों / प्रावधानों के शर्त्ताधीन 60 सीटों पर डी0 फार्मा0 एवं 100 सीटों पर बी0 फार्मा0 कोर्स संचालित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate) प्रदान किया जाता है।

विश्वासभाजन

25/8/20

(कौशल किशोर)
सरकार के अपर सचिव